# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–06 सितम्बर 2026 सान्ध्य समाचार

प्रदेश में भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण वर्तमान में कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य की कई नदियां अब भी उफान पर हैं। गाज़ीपुर और बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अयोध्या और तुर्तीपार बलिया में घाघरा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान के पार पहुंच गया है। चित्रकूट के राजापुर में यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वहां के कई हिस्से में मंदाकिनी नदी के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुयी है। मुख्यमंत्री आज बाढ़ का जायजा लेने के लिये चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित रामघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों से राहत तथा बचाव कार्य की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से कहा कि इस आपदा की घड़ी में सरकार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है।

***आपदा की इस घड़ी में आप अकेले नहीं हैं बल्कि डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़ी है। जिस दिन यहां पर अचानक पानी आया था, मैं उस दिन बलिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर था। मैंने तत्काल लखनऊ में डीजी पीएसी को कह कर के एसडीआरएफ और पीएसी की अतिरिक्त कंपनियां को चित्रकूट के लिए रवाना करवाया।***

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित परिवारों में राहत सामग्री वितरित की। साथ ही, आश्रयहीन परिवारों को आवास के लिये भूमि आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

उधर, प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर छिटपुट वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्राविधिक शिक्षा अध्यापन परीक्षा–दो हजार पच्चीस आज दो पालियों में आयोजित की गयी। यह परीक्षा लखनऊ समेत राज्य के छः जिलों में सम्पन्न हुयी। परीक्षा के लिए प्रयागराज में 25, मेरठ में 33, कानपुर में 28 और गोरखपुर में 44 केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। यह परीक्षा उन्नीस विषयों के व्याख्याता पदों के लिये आयोजित हुयी।

**********

नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ में मृतकों की संख्या एक हजार तीन सौ चौवालीस हो गई है जबकि पांच सौ नब्बे विदेशी नागरिकों सहित लगभग पांच हजार लोग अभी भी लापता हैं। अब तक तेरह हजार एक सौ से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण की सहायता ली जा रही है। बारह सौ सत्तर अज्ञात शवों का विवरण नेपाल पुलिस की वेबसाइट पर दिया गया है। भारत और चीन की टीमों की सहायता से कई पनबिजली परियोजनाओं में बचाव अभियान अब भी जारी हैं।

**********

प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य डॉक्टर दिनेश शर्मा को अण्डमान निकोबार का उप राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान उप राज्यपाल डीके जोशी का स्थान लेंगे। उपराज्यपाल पद पर नियुक्त होने के बाद आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में डॉ दिनेश शर्मा ने कहा की वह मानते हैं कि हर जिम्मेदारी बड़ी होती है और प्रधानमंत्री जी ने जो विश्वास उनके ऊपर जताया हैं, वह उसे पूरा करेंगे।

**अब मैं... मैं समझता हूँ कि यह एक... हर जिम्मेदारी बड़ी होती है। अब जो प्रधानमंत्री जी का विश्वास है, उसको पूरा करूँ, यही मेरी इच्छा है। हमेशा मैं एक कार्यकर्ता की तरह रहा हूँ। तो जो भी हमारे पार्टी का नेतृत्व आदेश देता है, वो सिद्ध करना हमारा काम है।**

**********

चीनी की जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने चीनी के भंडारण की सीमा चार हजार क्विंटल से घटाकर दो हजार क्विंटल कर दी है। साथ ही देश में प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सुरक्षित भंडार से प्याज बाजार में भेजना शुरू कर दिया है। चीनी के भंडारण की नई सीमा इस महीने की 15 तारीख से 30 नवंबर तक लागू रहेगी।

**********

उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केन्द्र के तौर पर विकसित करने के उद्देश्य से आगामी आठ और नौ सितम्बर को लखनऊ में यू.पी. टैक्स–दो हजार छब्बीस का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर नोएडा में यू.पी. टैक्स– दो हजार छब्बीस का कर्टेन रेजर एवं रोड शो आयोजित किया जा चुका है। आयोजन की तैयारी अब अन्तिम चरण में है।

**********

कानपुर जिले के साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में रूक–रूक कर हो रही बारिश के बीच आज दो मंजिला कच्चा मकान ढह गया। मकान के मलबे में दब कर पिता और उसकी तीन बेटियों की मृत्यु हो गयी जबकि एक बेटी को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया।

उधर, सम्भल जिले के बहजोई कोतवाली क्षेत्र में आज ट्रक से तिपहिया वाहन के टकरा जाने के कारण वाहन में सवार छः लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों से संवाद कर हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**********